भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2020 के
तारांकित प्रश्न सं. 249 का उत्तर

भर्ती के लिये मानदंड

*249. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रेलवे द्वारा रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से विगत तीन वर्षों के दौरान की गई भर्तियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय रेल में रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से की जाने वाली भर्ती में कोई क्षेत्र/राज्य-वार मानदंड हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत वर्ष के दौरान आयोजित न की गई भर्ती परीक्षा का ब्यौरा क्या है जिसकी अधिसूचना जारी की गई थी;

(घ) नॉन-टेक्नीकल पोपुलर कैटेगरीज़ (एनटीपीसी) समूह तथा समूह 'घ' के लिये परीक्षाओं की अधिसूचना जारी किये जाने के बावजूद परीक्षाएं आयोजित न किये जाने के क्या कारण हैं तथा इन परीक्षाओं को समय पर आयोजित किये जाने हेतु क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) झारखंड राज्य के ऐसे लोगों की कुल संख्या कितनी है जिन्होंने विगत तीन वर्षों के दौरान भारतीय रेलवे में सेवा आरंभ की है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

भर्ती के लिए मानदंड के संबंध में दिनांक 11.03.2020 को लोक सभा में श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी के तारांकित प्रश्न सं.249 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): पिछले तीन वर्षों अर्थात 2017-2018 से 2019-2020 तक (05.03.2020 तक) के दौरान रेलवे द्वारा विभिन्न ग्रुप 'सी' (लेवल-1 सहित) पदों के लिए रेल भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और रेल भर्ती सैल (आरआरसी) के जरिए कुल 1,47,620 उम्मीदवार नामिकाबद्ध किए गए हैं।

(ख): जी नहीं। भारतीय रेल अखिल भारतीय चरित्र का संगठन है। उम्मीदवार किसी भी रेल भर्ती बोर्ड के जरिए दिए गए विज्ञापनों के प्रत्युत्तर में देशभर में कहीं से भी आवेदन कर सकते हैं।

(ग): गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (नॉन-टेक्नीकल पापुलर कैटगरी) (एनटीपीसी) के समूह के लिए केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सं.01/2019, लिपिकवर्गीय एवं एकाकी कोटियों (मिनिस्ट्रीयल एवं आइसोलेटेड कैटगरी) के लिए 03/2019 और लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी') पदों के लिए आरआरसी-01/2019 के तहत तीन भर्ती परीक्षाओं के लिए कार्रवाई की जा रही है। इन परीक्षाओं का आयोजन आगामी महीनों में किया जाना है।

(घ): केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सं.01/2019 और 03/2019 के तहत परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के निर्धारण के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी (ईसीए) निर्धारित होने के बाद परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा की जाएगी। केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सं.आरआरसी-01/2019 के लिए वेंडर नियुक्त करने से संबंधित निविदा प्रक्रिया पर कार्रवाई की जा रही है।

(ड.): पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय रेलों/उत्पादन इकाइयों में नियुक्ति के लिए सभी आरआरबी और आरआरसी द्वारा झारखंड से कुल 6551 उम्मीदवार नामिकाबद्ध किए गए हैं।

*****